हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

**जिलेवार इतने पदों के लिए चुनाव :** पहले चरण के तहत राजनांदगांव जनपद में चार जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद पंचायत सदस्य, 109 सरपंच और 1273 पंच पदों के लिए चुनाव कराए गए। केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक की पांच जिला पंचायत सीटें, 25 जनपद सदस्य, 94 सरपंच और 593 पंच का चुनाव हुआ। ऐसे ही एमएमसी जिले के मानपुर ब्लॉक में तीन जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद सदस्य, 56 सरपंच और 259 पंच पदों के लिए चुनाव संपन्न हो गए हैं।



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद)
कद–5'.6", उम्र–20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद)
कद–5'.6", उम्र–20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद)
उम्र–20 से 35 वर्ष,
फायरमैन
कद–5'.6", उम्र–20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस
कद–5'.6", उम्र–20 से 35
भर्ती दिनांक :– 21 व 22 फरवरी 2025
(कार्यस्थल:–सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निजी कारखाना एवं अस्पताल)
पता:–फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल.
सुपेला, भिलाई, जिला–दुर्ग, छत्तीसगढ़
मो.: 7697212782, 6263775269

## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान और मतगणना पूरी, कांग्रेस को भारी नुकसान

# पहले चरण में भाजपा को बड़ी बढ़त, 12 में 8 जिपं सीटें जीती, 64 में 34 जनपद पंचायत पर भी कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भी भाजपा का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र में ग्रामीण चुनाव के पहले चरण में ही भाजपा ने तीनों जिलों में बड़ी बढ़त बना ली है। राजनंदगांव जिले में दो, खैरागढ़ जिले की चार और मोहला-मानपुर की दो सीट पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है। जबकि कांग्रेस को खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिले में ही 1-1 सीट मिल पाई है। वहीं राजनांदगांव की दो सीट में बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले नेताओं को जीत मिली है।

तीन ब्लॉक की 64 जनपद पंचायत सीट को लेकर कराए गए मतदान में भी भाजपा ने बहुमत बना ली है। राजनांदगांव ब्लॉक की 25 में से 13, खैरागढ़ जिले के छुईखदान ब्लॉक की 25 में से 15 व 10 कांग्रेस और मोहला-मानपुर जिले के मानपुर ब्लॉक की 14 जनपद पंचायत सीटों में से 6 पर भाजपा द्वारा अधिकृत किए गए प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। वहीं 5 निर्दलीय प्रत्याशी ऐसे हैं, जो भाजपा से बागी होकर चुनावी मैदान में थे और जीत हासिल किए हैं। इधर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण के अध्यक्ष भगवत साहू ने चुनाव हारने के बाद इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के ही वरिष्ठ नेताओं पर भीतरघात का आरोप लगाया है।

**राजनांदगांव जनपद की 4 में से दो भाजपा, दो निर्दलीय जीते**

**छुईखदान जनपद की 5 सीट में से चार भाजपा और एक कांग्रेस जीती**

**मानपुर जनपद की 3 सीट में से दो भाजपा और एक में कांग्रेस की जीत**



किरण विनोद बारले | शीला ताकेश सिन्हा | अंगेश्वर देशमुख | देवकुमारी साहू | विक्रांत सिंह | हेमलता मंडावी | निर्मला वर्मा | प्रियंका ताम्रकार | ललित चोपड़ा | भोजेश शाह मंडावी | सुशीला भंडारी | रेखा कोठारी

## नगरीय निकाय के बाद त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा का बेहतर प्रदर्शन

**तीन जिलों में 33 जिपं सीटें :** उल्लेखनीय है कि तीन जिलों में जिला पंचायत की कुल 13 सीट है। इनमें राजनांदगांव जिले में 13, केसीजी जिले में 10 और एमएमसी जिले की 10 जिपं सीटें शामिल है। पहले चरण के चुनाव में राजनांदगांव की चार में दो भाजपा, केसीजी जिले की पांच में 4 भाजपा और एमएमसी जिले की 3 में से दो में भाजपा ने जीत हासिल कर बढ़त बना ली है।

### नांदगांव में दो भाजपा

राजनांदगांव ब्लॉक की चार जिला पंचायत सीटों में से दो में भाजपा और दो में निर्दलीय ने चुनाव जीता है। इनमें क्षेत्र क्रमांक एक पटेवा में भाजपा समर्थित प्रत्याशी किरण विनोद बारले, क्षेत्र क्रमांक 2 लिटिया में भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ने वाली शीला ताकेश सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक 3 टेड़ेसरा में कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले अंगेश्वर देशमुख, क्षेत्र क्रमांक 4 सिंघोला में भाजपा समर्थित प्रत्याशी देवकुमारी साहू को जीत मिली है।

### केसीजी की 5 में 4 भाजपा

नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के छुईखदान ब्लॉक की पांच जिला पंचायत सीटों में से चार में भाजपा और एक में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को जीत मिली है। क्षेत्र क्रमांक 1 से भाजपा समर्थिक हेमलता मंडावी को जीत मिली है। क्षेत्र क्रमांक 2 से कांग्रेस समर्थित निर्मला विजय वर्मा, क्षेत्र क्रमांक 3 से भाजपा समर्थित प्रियंका खम्हन ताम्रकार, क्षेत्र क्रमांक 4 भुरभुसी से भाजपा समर्थित विक्रांत सिंह और क्षेत्र क्रमांक 5 से भाजपा समर्थित ललित चोपड़ा ने चुनाव जीता है।

### मानपुर में 1 कांग्रेस

वनांचल जिला एमएमसी की मानपुर जनपद के अंतर्गत तीन जिला पंचायत सीट को लेकर चुनाव कराए गए। इनमें दो भाजपा और एक कांग्रेस के खाते में गई। क्षेत्र क्रमांक 1 औंधी से भाजपा समर्थित भोजेश शाह मंडावी को लगभग दो हजार मतों से, क्षेत्र क्रमांक 2 खड़गांव से भाजपा समर्थित रेखा कोठारी को लगभग 1600 मतों से और क्षेत्र क्रमांक 3 मानपुर में कांग्रेस समर्थित सुशीला भंडारी को जीत मिली है।

### दो चरण और बाकी

ज्ञात हो कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरण में कराए जा रहे हैं। पहले चरण का मतदान पूरा हो गया है। जबकि दूसरे चरण का मतदान 20 फरवरी को होना है। इस दिन राजनांदगांव जिले के छुरिया, खैरागढ़ जिले के खैरागढ़ जनपद और मोहला-मानपुर जिले के मोहला जनपद का मतदान कराया जाएगा। इसके बाद 23 फरवरी को तीसरे चरण के मतदान के तहत राजनाांदगांव जिले के डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव ब्लॉक और मोहला-मानपुर जिले के अंबागढ़ चौकी जनपद के चुनाव कराए जाएंगे।

### जनपद में भी बेहतर प्रदर्शन

जिला पंचायत के अलावा जनपद पंचायत के चुनाव में भी भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। राजनांदगांव जनपद की 25 सीट में से भाजपा समर्थित 13 और भाजपा से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली तीन यानि कुल 16 सीटें जीती है। ऐसे में यहां भाजपा का जनपद अध्यक्ष बन जाएगा। ऐसे ही छुईखदान जनपद की 25 में से - पर भाजपा को जीत मिली है। मानपुर जनपद की 15 में से 6 में भाजपा और 6 में कांग्रेस है, तीन निर्दलीय जीते है। इन तीन निर्दलीय के भरोसे ही यहां जनपद अध्यक्ष तय होगा।

# गांव की सरकार चुनने पहले चरण में बंपर वोटिंग, नांदगांव जनपद प्रदेशभर में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान और मतगणना प्रक्रिया पूरी हो गई है। मतदान में गांव की सरकार चुनने मतदाताओं ने जमकर उत्साह दिखाया। राजनांदगांव जनपद 89.29% मतदान के साथ प्रदेशभर में अव्वल रहा। वहीं केसीजी जिले की छुईखदान ब्लॉक में 84.26 और एमएमसी जिले के मानपुर जनपद में 77.95 मतदान देखने को मिला। इस तरह अविभाजित जिले में 83.83 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।



मतदान को लेकर ग्रामीणों में ऐसा उत्साह देखने को मिला कि भले ही मतदान की अवधि तीन बजे तक ही थी, लेकिन अंतिम समय तक लंबी कतारें लगी होने से कई ग्राम पंचायतों में आधे से पौन घंटे तक अतिरिक्त मतदान चलता रहा। यही कारण है कि इतनी बड़ी संख्या में मतदान देखने को मिला। ज्ञात हो कि ग्रामीण चुनाव में मतदान की प्रक्रिया बैलेट पेपर से कराई जा रही है। वहीं चार पदों को लेकर एक साथ मतदान कराया गया। इसके बावजूद मतदान का प्रतिशत रिकार्ड तोड़ रहा है। प्रशासन ने भी मतदान को लेकर काफी तैयारियां की थी। लगभग पांच हजार कर्मचारियों की तैनाती इन 280 पंचायतों में की गई थी।

**तीन लाख ने दिया वोट :** ग्रामीण सरकार चुनने के लिए कराए गए चुनई तिहार में तीन जनपद के लगभग तीन लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मतदाताओं की संख्या 349821 थी। जिसमें 298538 ने मतदान किया। इनमें राजनांदगांव जनपद के 158042 में से 89.29 फीसदी यानि 141116, छुईखदान जनपद के 125757 में 84.26 फीसदी यानि 105957 और मानपुर जनपद के 66022 में 77.95 फीसदी यानि 51465 मतदाताओं ने वोट दिया।

### महिलाओं से आगे रहे पुरूष

मतदान को लेकर ग्रामीण इलाकों में महिला मतदाताओं से पुरूष मतदाता आगे रहे। राजनांदगांव जनपद की 114 ग्राम पंचायतों में 89.18 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया। वहीं 89.40 फीसदी पुरूष वोटर वोट डालने पहुंचे। छुईखदान जनपद की 107 ग्राम पंचायतों में 83.96 फीसदी पुरूष ने मतदान किया। 84.61 फीसदी महिलाओं ने वोटिंग की। मानपुर जनपद की 59 ग्राम पंचायतों में 77.80 फीसदी महिलाएं और 78.10 फीसदी पुरूष मतदाताओं ने वोटिंग की।






## खबर संक्षेप



### छात्रों ने प्लांट का किया भ्रमण

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन तथा संजय देवांगन के संरक्षण में छात्र छात्राओं ने मोहंदी स्थित जया स्पेशलिटी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड का शैक्षिक भ्रमण किया। प्रबंधक सतीश भगत एवं टेक्निकल इंजीनियर काजल सिंह ने विद्यार्थियों को प्लांट में बनने वाले उत्पाद जैसे एंथ्रेसिन और कार्बाजोन की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों का उपयोग फर्टिलाइजर एनालिटिकल रीजेंट जैसे अन्य कार्यों में होता है। प्राचार्य ने बताया कि यह भ्रमण इंटरैक्टिव लर्निंग का एक हिस्सा है। इस मौके पर पूजा देवांगन, महेश साहू, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, हीरेंद्र साहू, रितेश बंजारे, डॉ नवीन राजपूत, मोनिका सिन्हा, मासूम वर्मा, भारती साहू, कमलेश चेलक, नेमू साहू आदि मौजूद थे।

### बूथों में दिखा वोटरों का उत्साह



**पटेवा।** पंचायत चुनाव को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। सुबह 7 बजे से ही मतदान केंद्र में मतदाताओं की कतार लग गई थी। पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्य के उम्मीदवार एवं कार्यकर्ता अंतिम दौर तक अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते रहे। सबसे ज्यादा उत्साह पहली बार मतदान करने वालों में देखा गया।

### युवक ने लगाई फांसी

**डोंगरगढ़।** ग्राम नागतराई निवासी और सीसीआई वर्मा कोचिंग सेंटर



के संचालक टिकेन्द्र वर्मा पिता खुबदास वर्मा ने सोमवार को अपने खेत में लगी बोर के रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी में सोमवार को कोचिंग सेंटर में पढ़ाने के दौरान किसी का फोन आया और वह क्लास के बाहर जाकर बात करने के बाद बच्चों को छुट्टी दे दिया। घर आने के बाद फोन और पर्स को छोड़ कर खेत जाने की बात बहन को बता कर गया। उसे ढुढ़े जाने पर वह बोर मशीन के रूम में लटका मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोष्टमार्टम के भेजा। आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हुआ है।

### शोध के प्रति जागरूक बने विद्यार्थी : डॉ ब्रम्हे



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शोध प्रविधि विषय पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन विषय विशेषज्ञ के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र ब्रम्हे शामिल हुए। शुभारंभ और स्वागत के बाद विषय विशेषज्ञ डॉ. ब्रम्हे ने कहा कि विद्यार्थीयों को अनुसंधान के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने शोध अनुसंधान की विधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले अनुसंधान का विषय चयन करना चाहिये। तत्पश्चात विषय से संबधित पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिये ताकि विषय से संबंधित जानकारी का दायरा बढ़े। अंत में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने डॉ. ब्रम्हे को सम्मानित किया। संचालन प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरआर कोचे ने किया।

## मतदान के बाद हुई मतगणना, अधिकृत घोषणा होना शेष

# ग्रामीणों ने चुना गांव का मुखिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

त्रिस्तरीय पंचायती संस्था के लिए सोमवार को मतदान हुआ। पहले चरण में पांच जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद सदस्य के अलावा सरपंच एवं पंचो के लिए ग्रामीणों ने वोट डाला। ज्यादातर मतदान केन्द्र में अपरान्ह तीन बजे तक मतदान प्रक्रिा पूरी हो गई थी। कुछ केन्द्रों में गति स्लो होने के कारण शाम तक ग्रामीण मतदान करने अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। देर रात तक मतगणना किया किन्तु परिणाम की अधिकृत घोषणा होना शेष है।

सोमवार को कुछ पंचायत को छोड़ कर शेष में सरपंच और पंच के चुनाव के




लिए मतदान किया। देर रात परिणाम आने के बाद कहीं खुशी तो कही गम का माहौल बना रहा। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत कुकुरमुडा में संतोष यदु ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संजय वैष्णव को मात्र 2 मत से परास्त किया। ग्राम पंचायत सड़क अतरिया के मतदाताओं ने तीसरी बार सोनम लोमश वैष्णव ने विजयश्री बनाया। ग्राम पंचायत चकनार में वंदना लालचंद पटेल, खैरा नवापारा में प्रकाश जंघेल, बुंदेली में दिवाकर सोनी, मानपुर नाका में बोधनसिंह मेरावी, पंडरिया में जानकी तामेश्वर जंघेल, धोधा में दूजेराम वर्मा, जीराटोला में कांति केशलाल मंडावी, साखा में कपिनाथ महोबिया, अचानकपुर में अमरलाल मेरावी, पैलीमेटा में कुमार पाल, जंगलपुर घाट में अशोक साहू, मोहगांव में जंगलदास, ठाकुरटोला में नरेश धुर्वे, दरबानटोला में दुखु विश्वकर्मा के सरपंच पद पर निर्वाचित होने की खबर है।

### जनपद के परिणाम


जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 25 में ज्योति जंघेल, क्षेत्र क्रमांक 18 में डोमारसिंह भेड़िया, जनपद क्षेत्र क्रमांक 6 में प्रेमलाल साहू के जीतने की खबर है।

### संदिया रावटे ने पहली बार डाला वोट

**मोहला।** नक्सल प्रभावित मानपुर विकासखण्ड के ग्राम कनेरी की संदिया रावटे ने पहली बार मतदान कर अपने अधिकार का प्रयोग किया। कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद संदिया ने लोकतंत्र पर आस्था दिखाते हुए मतदान करने पहुंची थी। उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान को लेकर डर और असमंजस की स्थिति रहती है, इसके बाद भी संदिया ने युवाओं की भागीदारी और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान किया। पहली बार वोट डालने के अनुभव को साझा करते हुए संदिया ने कहा मुझे गर्व महसूस हो रहा है कि मैंने अपने मताधिकार का उपयोग किया।



## जागृति के लिए मधु ने मांगा वोट



**डोंगरगांव।** नव निर्वाचित मेयर मधुसूदन यादव, प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा ने सोमवार को जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 आसरा के अधीन आने वाले ग्राम आसरा, सांगिनकछार, तिलईरवार पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी जागृति चुन्नी यदु के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए लोगों से ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का आह्वान किया। श्री यादव ने जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणजनों से रूबरू भेंट किया। उन्होंने मतदाताओं की समस्याओं और जरूरतों को सुनते हुए भरोसा दिलाया कि चुनाव के बाद हल करने का उच्च स्तरीय प्रयास किया जाएगा। इस दौरान श्रीमती यदु ने कहा हर गांव का विकास हो और जनता को सभी सुविधाएँ मिले उनकी प्राथमिकता में होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सहभागिता से विकास की नई इबारत लिखने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने साय सरकार की महतारी वंदन योजना, 31 सौ की दर से धान खरीदी, 2 साल का बकाया बोनस, किसान क्रेडिट कार्ड, भूमिहीन परिवारों को सालाना 10 हजार और 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में बताया।

## महेन्द्र यादव का प्रचार करने जुटे ग्रामीण

**तुमड़ीबोड़।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शबाब पर है। अंतिम पड़ाव में प्रत्याशी नुक्कड़ सभा लेने के साथ डोर टू डोर जाकर प्रचार कर रहे है। जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक सात के प्रत्याशी महेंद्र यादव को जीत दिलाने के लिए ग्रामीण एकजुट होकर जुट गए हैं। ग्रामीण खुद ब खुद सामने आकर श्री यादव द्वारा बीते 10 साल में किए गए कार्यों एवं उनकी सहजता को लोगों को बताकर मतदान करने की अपील कर रहे हैं। श्री यादव ने मंगलवार को ग्रामीण महिला पुरूष और युवाओं के साथ आरबीरा, आलीवारा, भानपुरी, कसारी, कन्हारगांव, ठेकवा, मुसराकला, हरदी पहुंच कर जनसंपर्क किया। इसी क्रम में श्री यादव ने प्रचार अभियान को तेज करते हुए गातापार, सेम्हरा, विष्णुपुर, खुर्सीपार, खुर्सीपार टोला और बिल्हरी पहुंचकर सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडेंगे।



## महिलाएं और युवा रीता नाहटा के साथ

**अर्जुनी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 की कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी रीता नाहटा ने मंगलवार को किरगी, रीवागहन, रूदगांव, भाखरी, रातापायली, खुर्सीपार, परना, बड़गांव, चारभांठा, खुज्जी में महिला, पुरुष और युवाओं के हुजूम के साथ सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने घर घर जाकर ग्रामीणों के साथ आत्मीयता के साथ मुलाकात कर आशीर्वाद मांगा। उन्होंने अपने पति और जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा द्वारा बीते पांच साल में किए कार्यों को लोगों के



सामने रखा। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों तक इस क्षेत्र का नेतृत्व करने वालों सदस्यों पर केवल व्यक्तिगत लाभ उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनहित के काम नहीं करने के कारण क्षेत्र का वह नहीं मिला जिसका वह हकदार रहा है। उन्होंने कहा कि जन सहयोग मिलता है वह जिला पंचायत में क्षेत्र की आवाज बुलंद करने के साथ विकास को गति देने का भरपूर प्रयास करेंगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

# गोड़ी गाथा का श्रवण करने पहुंचे हजारों

- कलकसा में हुआ 6 दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा



गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा के तत्वावधान में कोया मुरी गोंडवाना धाम में छह दिवसीय कोया पूनेम गोंडी गाथा आयोजित किया गया। कथावाचक सिवनी के दादा शंकर शाह इरपाची थे।

प्रथम दिवस ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 15 गांव के सामाजिकजन शामिल हुए। कलश यात्रा में लोग पारंपरिक वेशभूषा धारण कर मांदरी की थाप एवं बाजे गाजे के साथ रेला पाटा करते शामिल हुए। भूमकाओं ने पंच कलश स्थापना कर गोगो किया। दूसरे दिन दादा शंकर शाह ईरपाची ने कथा प्रारंभ किया। आयोजन की कड़ी में तीसरे दिन गुरु कुपार लिंगो, कली कंकाली दाई, चौथे दिन तैतीस कोटि बच्चों, छठे दिन देवी देवताओं की गाथा का वाचन कियागया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर कथा श्रवण किया। मप्र से आए भुमका काकोडिया ने प्रातः लिंगो वाणी गोगो किया। कार्यक्रम में अतिथि महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम थे।

अध्यक्षता नरोत्तम सिंह कुंजाम ने किया। विशेष अतिथि रमेश उईके, अशोक साहू, रूदन उइके, संतोष पड़ोती, सुशीला नेताम, राजकुमार सलामे थे। समापन के मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू थे। अध्यक्षता नरोत्तम सिंह कुंजाम ने किया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, बीएल कोराम, चुम्मन साहू, सुरेश सिन्हा, फिरंगी पटेल, टुमेश नेताम, कुंभलाल पदाम, धर्मेश छेदैया, मुन्नालाल, जितेन्द्र उइके, बिसेसर नेताम, मदन उइके, मनोज मंडावी, पंचम, ठाकुरराम, हीरू पड़ौती, फागसिंह, ओमप्रकाश, चैतूराम, राधेश्याम सूर्यवंशी, मदन मंडावी, कुंवरसिंह मरकाम, सविता मंडावी , पूजा मंडावी , उतरा उईके, ओमकुमारी कुंजाम, बरमत छेदईया, दिव्या भलावी, सुमन पड़ौती, मिनेश कुंजाम , भूमिका नेताम, मुकेश मंडावी, कामनी, प्रिया , रागनी , करण, ललित, सुरेन्द्र पड़ौती सहित अन्य शामिल हुए।

### 21 को मोरिशस से आएंगे संत-महंत

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में सद्गुरू कबीर दर्शन यात्रा अंतर्गत विदेश मोरिशस से कबीर पंथ अनुवायी पूज्य संत महंतों का जत्था 21 फरवरी को आगमन होगा। विदेश मोरिशस से पधारने वाले महंत साहेब में परम पूज्य महंत डॉ. श्याम दास साहेब कबीर मंदिर बोने टेरे वाकोअस मारिशस, महंत गिरिजानंद अंगोतीया ग्लेन पार्क वाकोआस मारिशस, पूज्य श्री नलिनी बाइचू एवेन्यू रेमी फीनिक्स मारिशस, पूज्य श्री रीता देवी सुंगकुर हाइलैंड्स रोड फीनिक्स मारिशस से कबीर दर्शन यात्रा हेतु भारत आगमन होगा।

## चन्द्रगिरी में धर्मसभा

# समर्पण से मिलता है गुरु से ज्ञान: समतासागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गुरु वह विशाल दृष्टि रखते है, जो सहज में आने वाले एक शिष्य को अपने समान बना लेते है। यह बातें निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने प्रातः कालीन धर्मसभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री के दीक्षा दिवस पर एक बार मैने कहा था कि पारस के स्पर्श से लोहा भी सोना बन जाता है लेकिन इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। बदलाव इतना है कि कीमत में फर्क आ गया। लोहा सस्ती धातु है और सोना महंगा। समयसार की दृष्टि से लोहा और सोना दोनों ही बेकार वस्तुएं हैं लेकिन आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो लोहा और सोना में काफी अंतर है। गुरूदेव कहा करते थे कि पारसमणि लोहा को सोना अवश्य बनाती है लेकिन वह सोना जंग लगा सोना नहीं होना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि गुरुवर की पारसमणि ने इन सभी मुनिराजों तथा आर्यिका माताओं को चमकते स्वर्ण में परिवर्तित कर दिया क्योंकि यह सभी जंग लगा सोने के रुप में नहीं थे। मुनि श्री ने कहा कि गुरुदेव तो पारसमणि के समान है जिन्होंने लोहे को ही सोना नहीं बनाया बल्कि गुरुदेव ने जब लोहे की छुरी को छुआ तो वह छुरी छुरी न रहकर छतरी बन गई जो सभी को छाया दे रही है।

### रग-रग में गुरु

मुनिश्री ने कहा कि पार्थिव रुप से गुरुदेव भले ही हमारे बीच नहीं है लेकिन



उनकी चर्या, शिक्षा को याद करते है तो हम हमें प्रशस्त राग उत्कृष्ट राग दिखाई देता है और जब राग गहराई में पहुंच जाता है तो व्यक्ति को उसके अलावा कुछ और दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की 17 फरवरी और आज की 17 फरवरी वही है लेकिन बहुत कुछ बदल गया जो सोचा न था वह हो गया और जो सोचा था वह न हो पाया। उन्होंने कहा कि गुरूदेव ने कहा था कि दो तीन वर्ष बहुत होते है यदि शिष्य चाहे तो एक वर्ष में गुरु से वह सब कुछ प्राप्त कर सकता है शर्त इतनी है कि दोनों के बीच में तीसरा नहीं आना चाहिए। उस समय वह भगवान को भी भूल जाए तो शिष्य एक वर्ष में ही सारा साहित्य, सारा ज्ञान कम समय में प्राप्त कर सकता है।

### गुरु और गुरुवाणी महान

इस अवसर पर निर्यापक मुनिश्री वीरसागर महाराज ने कहा कि आचार्य श्री के हायकू में गुरु अथवा गुरुवाणी के व्यापक हित समाहित हो जाते है तो हम किसको व्यापक मानें गुरु को अथवा गुरुवाणी को? उन्होंने कहा कि पर्याय दृष्टि से गुरु महान होते है और द्रव्य दृष्टि से देखें तो गुरुवाणी महान होती है क्योंकि गुरुवाणी अनादिकाल से चली आ रही है वह न कभी समाप्त हुई है और न कभी समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि शरीर आता है और चला जाता है किंतु जिनवाणी कल भी गूंज रही थी और आज भी गूंज रही है। उसका एक एक शब्द और संकेत, शिक्षा प्रत्येक शिष्य, भक्त के हृदय में गूंजती है। मुनि श्री ने कहा कि जब हम द्रव्य की ओर दृष्टि डालते हैं तो सारे विकल्प समाप्त हो जाते है किन्तु जब पर्याय की ओर नजर डालते हैं तो विकल्प शुरु हो जाते है। मुनि श्री ने कहा कि गुरु से राग करना प्रशस्त राग कहलाता है जो कल्याणकारी तथा विषयों से ऊपर उठाने वाला राग है। परिवार का राग, बच्चों का राग, शरीर का राग पतन का मार्ग है। इन सबसे हटकर हमने अपनी आत्मा से राग कर लिया होता तो संसार में भटकना नहीं पड़ता। मुनि श्री ने कहा कि आत्मा से राग नहीं कर सकते तो कोई बात नहीं किन्तु गुरु से ही राग कर लो आपकी सोच भी गुरु के समान हो जाएगी।

### स्कूल में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस



**राजनांदगांव।** स्थानीय श्री देव आनंद जैन पब्लिक स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस को उत्सवपूर्वक मनाया गया। जिसमें बच्चों ने अपने माता-पिता को कुमकुम-चावल लगाकर उनकी पूजा कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बच्चों ने मातृ-पितृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। जिसमें शाला के प्राचार्य संजय यादव, शाला स्टॉप व पालकगण उपस्थित थे।

# बहादुर कलारिन को दिल्ली में मिली भरपूर सराहना, रंग महोत्सव अंतर्गत हुई प्रस्तुति

## देश की राजधानी दिल्ली में गूंजी छत्तीसगढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

देश की राजधानी नई दिल्ली में दुनिया के सबसे बड़े आयोजन भारत रंग महोत्सव में इंदिरा कला संगीत विवि के नाट्य विभाग द्वारा श्रीराम सेंटर हॉल में बहादुर कलारिन की नाट्य प्रस्तुति दी गई। इसमें खास बात यह रही कि दिल्ली में छत्तीसगढ़ी भाषा में नाट्य प्रस्तुति होने के बाद भी दर्शकों की भीड़ बनी सराहना देने मौजूद रही।

विवि के नाट्य विभागाध्यक्ष व अधिष्ठाता डॉ योगेन्द्र चौबे के निर्देशन में नाट्य विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा बहादुर कलारिन की प्रस्तुति दी गई। बहादुर कलारिन मानव जीवन की आत्मसंतुष्टि की कहानी है जिसे प्रसिद्ध लेखक पद्मश्री हबीब तनवीर ने लिखी है। नाटक के पात्र छछान छाड़ ने 126 शादियां की लेकिन फिर भी वह असंतुष्ट रहा। अंत में जब उसने अपनी मां को ही वासना की नजर से देखा तो बहादुर दंग रह गई। उसने फैसला कर लिया कि इस लड़के को खत्म कर देना बेहतर है। उसने बड़े प्यार से मिर्च मसाले वाला खाना उसके लिये तैयार किया और अपने हाथों से खिलाया और इधर बहुओं से कह दिया कि आज पानी भरने का काम बंद। उनसे मुहल्ले में कहलवा दिया कि छछान अगर पानी मांगने आए तो किसी घर से उसे पानी नहीं मिलना चाहिए। गांव वाले वैसे भी लड़के से बदगुमान थे, उन्हें बदला लेने का अवसर मिला और वो इस बात को मान गए। जब छछान परेशान होकर प्यास से तड़पता हुआ घर वापस आया और मां से पानी मांगा तो मां ने जवाब दिया आज तो घर में बिल्कुल पानी नहीं है, तू खुद ही डोल लेकर कुंए से पानी निकाल ले। जब छछान डोल लेकर कुंए पर गया तो बहादुर ने उसे पीछे से कुंए में धक्का दे दिया और खुद अपने सीने में कटार भोंक ली। इस तरह कहानी का अंत होता है।



### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

अंतर्राष्ट्रीय भारत रंग महोत्सव के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नाटक बहादुर कलारिन को विवि के कलाकारों ने शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक में बहादुर कलारिन के किरदार में ईशा बघेल, पिता शनिदेव रहे। इस तरह छछान राजू यादव, राजा चंद्रहास बघेल, धोबिन भैरवी साहू, धोबी विकास, चैत विकास गायकवाड़, राजा का बेटा रवि, द्वारिका के किरदार में विकास व अनुराग रहे। भूलवा सोमनाथ साहू, देवीलाल अमन मालेकर, गोविंद रोहन जंघेल, हृदय दीपेश कहार, बहादुर की बहु डाली, दिव्या, दिशा, दीप्ति ओगरे, आयुषी व भारतीय जंघेल रहीं। सरपंच बादल, समधी हर्ष गिरी भट्ट रहे। मंच से परे डॉ. परमानंद पांडे, पप्पू टांडिया, भुनेश्वर यादव और करण कुमार ने संगीत दिया। मंच व परिकल्पना अरुण भांगे, दीप्ति ओगरे का था वहीं प्रकाश परिकल्पना पीएस मल्टयार की थी। नाट्य प्रस्तुति के दौरान एनएसडी के पूर्व निदेशक दिनेश खन्ना, वरिष्ठ रंग समीक्षक शिवकेश मिश्र, संगम पाण्डे व संस्कृति मंत्रालय के सीसीआरटी अध्यक्ष प्रो विनोद इंदुरकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। गौरतलब है कि बीते 4 से 9 फरवरी तक संगीत विवि में छै दिवसीय भारत रंग महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें अलग-अलग प्रांत और अलग-अलग भाषाओं की नाट्य प्रस्तुति दी गई।

## निधन

### गोकुल दास वैष्णव

**सड़क अतरिया।** ग्राम सड़क अतरिया निवासी



गोकुलदास वैष्णव का रविवार की रात निधन हो गया। वह पूर्व उपसरपंच रामकृष्ण वैष्णव के पिता थे। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में पुत्र रामकृष्ण, लक्ष्मीनारायण वैष्णव, दामोदर वैष्णव, यशवंत, युगल किशोर, हितेश वैष्णव, आशु, कन्हैयादास, श्यामदास, राधे मोहन, पारसमणी, अश्वनी, चंद्रभान, रविश सहित अन्य शामिल हुए।

### सवानाबाई साहू



**हरदी।** ग्राम कुतुलबोड़ भाठागांव निवासी सवानाबाई साहू का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**चुनावः** गणनापत्र के आंकड़ों में जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों की बल्ले-बल्ले

# पहले चरण के चुनाव में भाजपा को जिपं की सभी 6 सीटों में भारी बढ़त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के नगरीय निकाय चुनाव की ही तरह भाजपा 17 फरवरी को जिले के आधा दर्जन जिला पंचायत क्षेत्रों त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव में अपना परचम लहराते नजर आ रही है। गत सोमवार को जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 एवं 14 के लिए हुई मतदान के बाद देर रात जिला निर्वाचन द्वारा प्रत्याशियों को जारी किए गए गणना पत्रक के आंकड़ों की माने तो इन सभी आधा दर्ज जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांकों में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जीत दर्ज करते दिखाई दे रहे हैं।

बताया जाता है कि इन मतगणना के इस गणना पत्रक के सामने आने के बाद भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खासा उत्साह और जोश दिखाई दे रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में गत 17 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 एवं 14 के लिए मतदान किया गया। इस बार भाजपा ने जहां जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से सुमित्रा विजय पटेल को, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चन्द्रवंशी को,जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे को, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से राजकुमारी राजेन्द्र साहू को तथा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से ईश्वरी साहू को चुनाव मैदान में उतारा था। वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 को भाजपा ने मुक्त रखा था और यहां से अपने किसी भी प्रत्याशी को अधिकृत नहीं रखा था। पहले चरण के लिए हुए जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला इसी क्षेत्र क्रमांक 11 में देखने को मिला। क्योंकि यहां भाजपा के ही दो बड़े चेहरे वीरेन्द्र साहू तथा दिनेश चन्द्रवंशी चुनावी रण में उतर आए थे और मुख्य मुकाबला भाजपा के बीच ही सिमट कर रह गया था। हालांकि इस बात की भी आशंका जताई जा रही थी कि कहीं भाजपा समर्पित इन दोनो प्रत्याशियों के चुनावी दंगल में कोई तीसरा बाजी न मार दे लेकिन ऐसा हुआ नहीं और यहां से गणना पत्रक के मुताबिक वीरेन्द्र साहू 2900 मतों से आगे बताए जा रहे हैं।

इसी प्रकार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सुमित्रा विजय पटेल, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से राजकुमारी राजेन्द्र साहू तथा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से ईश्वरी साहू भी गणनापत्र के आंकड़ों में अपने विरोधियों से काफी आगे बताए जा रहे हैं या यूं कहें की अनाधिकृत रूप से जिला पंचायत के इन सभी भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों ने चुनाव जीत लिया है। जिसकी औपचारिक घोषणा बाकी है। जो संभवतः 20 फरवरी को की जाएगी।

### प्रत्याशियों ने कहा कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के भरोसे का परिणाम





प्राप्त गणनापत्र के मुताबिक जीत दर्ज कर चुके जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के भाजपा अधिकृत प्रत्याशी कैलाश चन्द्रवंशी तथा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के विरेन्द्र साहू सहित अन्य प्रत्याशियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, भाजपा सरकार की नीति, रीति, जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र के मतदाताओं के विश्वास व भरोसे को दिया है। भाजपा प्रत्याशियों ने कहा कि यह कोई पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। जिसे हमें पांच सालों तक निभाना है। उन्होने कहा कि हमारा सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि क्षेत्र का विकास और क्षेत्र की जनता की सेवा।

# दूसरे चरण के पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के दूसरे चरण के लिए मतदान दलों को 19 फरवरी को सामाग्री वितरित किया जाएगा। विकासखंड बोड़ला के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला और पंडरिया के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल पंडरिया से मतदान दल को सामाग्री वितरण किया जाएगा। कबीरधाम जिले में 20 फरवरी को दूसरे चरण के त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन होना है। इसके अन्तर्गत को होने वाले इस चरण में विकासखंड पंडरिया और बोड़ला के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिला पंचायत जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए द्वितीय चरण 20 फरवरी को पंडरिया एवं बोड़ला विकासखंड के 08 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन होगा। इसमें जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07 और क्षेत्र 08 शामिल है। उन्होंने बताया कि दोनो विकासखंड के निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 268 ग्राम पंचायतों में निर्वाचन होगा। इसमें कुल 3 लाख 31 हजार 65 मतदाता और मतदान केन्द्र 655 है। इन दोनो निर्वाचन क्षेत्रों में 27 अभ्यर्थी शामिल है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र क्रमांक 01 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 903 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 5 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 35 है। इन ग्राम पंचायतों में 43 हजार 883 मतदाता और मतदान केन्द्र 81 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 03 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 41 हजार 913 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 04 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 33 है। इन ग्राम पंचायतों में 43 हजार 159 मतदाता और मतदान केन्द्र 80 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 2 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 05 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 75 मतदाता और मतदान केन्द्र 81 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 06 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 37 है। क्षेत्र क्रमांक 07 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 33 है। क्षेत्र क्रमांक 08 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 37 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 430 मतदाता और मतदान केन्द्र 89 है।

## खबर संक्षेप

### डीयूः सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी है। इसमें एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर, एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमएससी आईटी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 शामिल है।

### प्रधानमंत्री योग पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू

**कवर्धा।** केन्द्रीय आयुष मंत्रालय ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू करने की घोषणा की है। ये पुरस्कार योग के प्रचार व विकास में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण और निरंतर योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता देते हैं। ये पुरस्कार राष्ट्रीय व्यक्ति, राष्ट्रीय संगठन, अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति और अंतर्राष्ट्रीय संगठन श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिसके तहत प्रत्येक विजेता को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व 25 लाख रुपए के नगद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। नामांकन के लिए आवेदन 31 मार्च तक किया जा सकता है।

### सीजी बोर्ड परिक्षाओं का शुभारंभ 1 मार्च से

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाओं को अब कुछ दिन ही शेष रह गए है। जिसे देखते हुए परीक्षार्थी अपनी तैयारियों में जुटे हैं। टाइम टेबल के अनुसार कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 3 मार्च से 24 मार्च 2025 तक एवं कक्षा 12 वीं क्लास की बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च 2025 तक संपन्न करवाई जाएंगी। परीक्षा केवल एक शिफ्ट में आयोजित की जाएगी।

# कवर्धा में धूमधाम से मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

## निकाली जाएगी महाकाल की भव्य बारात

- महाकाल की बारात के साक्षी बनेंगे धर्मनगरी कवर्धा वासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा की विशेषता रही है की यहां हर उत्सव बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है, पिछले चार वर्षो से महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कवर्धा नगर में भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात एवं शिवगौरी विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारी के लिए आयोजन समिति बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल, धर्मनगरी कवर्धा जुट चुकी है। बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल के विकाश केशरी ने बताया कि विगत 4 वर्षो की तरह इस वर्ष भी भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें स्थानीय बूढ़ामहादेव मंदिर से महाअभिषेक के पश्चात भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात शोभायात्रा के रूप में निकाली जाएगी जिसमें पारंपरिक नृत्यों के साथ, आकर्षक झांकी का आयोजन होगा। बारात शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए मां महामाया मंदिर के पास स्थित भारत माता प्रतिमा प्रांगण में पहुंचेगी जहां भगवान शिव एवं माता गौरी का विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होगा जिसके बाद भगवान श्री महाकाल की भव्य भस्म आरती की जाएगी।



भगवान भोरमदेव महाराज की इस धर्मनगरी में जो श्रद्धा और उत्साह कार्यक्रम में दिखायी देता है वो हमारे धर्मनगरी कवर्धा की विशेषता रही है। नगर के जनप्रतिनिधियों, सर्व समाज के लोगों के साथ सामूहिक रूप से मिलकर इसका आयोजन किया गया था जो कि भव्य रूप से सम्पन्न हुआ था। विकाश ने बताया कि इस वर्ष भी बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल, धर्मनगरी द्वारा पूरे धूमधाम से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। आयोजन समिति के सुधीर केशरवानी, आकाश यदु, नीरज चंद्रवंशी, निमेश चंद्रवंशी, निक्कू आमदे, अंकित देवांगन, केतुल नाग, अभिषेक आमदे, राजा झरिया, यकीन ठाकुर, रूपेश चंद्रवंशी, लेखा चन्द्रवंशी, अंकित, करण धर्मी, रितेश यदु, अविनाश गुप्ता, अमित धुर्वे, शुभम शर्मा, प्रशांत मिश्रा, लोकेंद्र ठाकुर, रूपेश श्रीवास, मनीष चन्द्रवंशी, सौरभ नामदेव, वेदांत शर्मा, निखिल यदु, विवेक जायसवाल, बृजेश चन्द्रवंशी, अमन बर्वे, गौरांश पाल, अतुल पाण्डेय, स्वप्निल चन्द्रवंशी, अनुराग साहू, अनमोल चन्द्रवंशी, आनंद साहू, श्रेयांक चंद्रवंशी, प्रांजल यादव, चिराग यादव, अमन वर्मा, कान्हा चन्द्रवंशी, तरुण चन्द्रवंशी, तुलसी ठाकुर समेत अन्य सदस्य तैयारी मे लगे हुए है।

### महाभिषेक के साथ शुरू होगा कार्यक्रम

आयोजन समिति के मुताबिक महाशिवरात्रि के अवसर पर सर्वप्रथम दोपहर 2.30 बजे स्थानीय बूढ़ामहादेव मंदिर से महाभिषेक किया जायेगा जिसके बाद कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें महाकाल जी की बारात पूरे कवर्धा शहर भ्रमण के बाद मां महामाया मंदिर पहुची थी जहां शिवगौरी विवाह का शानदार आयोजन होगा। महाकाल की बारात शोभायात्रा के रूप मे निकाली जाएगी जो की शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए महामाया मंदिर पहुंचेगी जहाँ हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति मे शिव गौरी विवाह सम्पन्न होगा। विकाश ने बताया की इस वर्ष हमारे कार्यक्रम को पांच वर्ष पूर्ण होने जा रहा है जिसके कारण पंचमुखी महाकाल की प्रतिमा का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसमें चार मुख विगत चार वर्षो की प्रतिमा के समरूप होंगी एवं पांचवा मुख दूल्हा बने महाकाल को समर्पित होंगी।

# जनता का आशीर्वाद, हर संघर्ष में आपके साथः संतोष

- जनता का आर्शीवाद, सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएंगे : संतोष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका चुनाव के परिणाम के बाद कांग्रेस प्रत्याशी संतोष यादव ने जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनता का जो स्नेह और विश्वास उन्हें विपक्ष में रहते हुए भी मिला है, वह उनके लिए अमूल्य है। उन्होंने जनादेश का सम्मान करते हुए कहा कि वे नगर हित में सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़े रहेंगे। जनता की आवाज को बुलंद करना और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना ही उनकी प्राथमिकता होगी। संतोष यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ चुनाव लड़ा। हालांकि परिणाम उनके पक्ष में नहीं आया, लेकिन उन्होंने इसे जनता का आदेश मानते हुए विपक्ष की भूमिका को और मजबूती से निभाने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि कवर्धा नगर के 27 वार्डों में कांग्रेस ने 5 वार्डों में जीत दर्ज की और मुझे 11,180 मत दिए। उन्होंने कहा कि अब उनका दायित्व और भी बड़ा हो गया है। विपक्ष में रहते हुए वे हर उस मुद्दे को उठाएंगे, जो जनता के जीवन को प्रभावित करता है। नगर विकास, नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी विषयों पर वे प्रशासन को जवाबदेह बनाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की आवाज को वे कमजोर नहीं होने देंगे और हर आवश्यक कदम उठाने के लिए तत्पर रहेंगे। संतोष यादव ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता में रहने का माध्यम नहीं बल्कि जनता की सेवा का संकल्प है। विपक्ष में रहकर भी वे नगरवासियों के लिए हर मोर्चे पर खड़े रहेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि कवर्धा की जनता ने जिस उम्मीद से उन्हें यह दायित्व सौंपा है, वे उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। अंत में उन्होंने नगरवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक चुनाव नहीं था, बल्कि एक विश्वास की परीक्षा थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहेंगे और उनके हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे।



### वोटिंग के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान केंद्रों में मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज को मान्य किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र (पेन कार्ड), आधार कार्ड समेत अन्य शामिल है। राज्य निर्वाचन आयोग से तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी-ईआर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जाएगा व पीठासीन अधिकारी से पहचान स्थापित की जाएगी।

### मौसमी फलों की आवक शुरू...



**कवर्धा।** ग्रीष्म ऋतु की दस्तख के साथ की नगर के बाजार में मौसमी फलों की आवक शुरू।

न्यायालय व प्रशासन की बैठक संपन्न, संबंधितों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

# जिले में 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी 8 मार्च 2025 को राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में जिला न्यायालय में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम की अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त न्यायाधीशगण, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में नेशनल लोक अदालत के प्रभावी संचालन और अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विशेष रूप से राजीनामा योग्य प्रकरणों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। न्यायालय ने निर्देश दिए कि लोक अदालत में ऐसे मामलों को अधिक से अधिक संख्या में रखा जाए, जिनका सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो। साथ ही, मुकदमा पूर्व वाद (प्री-लिटिगेशन) मामलों को चिन्हांकित कर उनका भी निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में 19 फरवरी 2025 को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक अन्य बैठक निर्धारित की गई है, जिसमें विद्युत, दूरसंचार, बैंकिंग और अन्य विभागों से जुड़े लंबित मामलों पर चर्चा की जाएगी, ताकि विभागीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इनमें दाण्डिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस (धारा 138) के मामले, बैंक रिकवरी (प्री-लिटिगेशन) प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से जुड़े मुआवजा संबंधी मामले, मेन्टेनेन्स (धारा 125) प्रकरण, परिवार न्यायालय के प्रकरण, श्रमिक विवाद, भूमि एवं संपत्ति विवाद, विद्युत बिल, जलकर, सम्पत्ति कर, टेलीफोन बिल वसूली प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को सम्मिलित किया गया है। लोक अदालत में विवादों का समाधान आपसी सहमति के आधार पर किया जाता है, जिससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है।



# शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में मिट्टी तेल का कोटा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विकासखण्ड पंडरिया के ग्रामीण एवं वनांचल के उपभोक्ताओं को स्थानीय शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान से पर्याप्त अथवा उनके कोटे का मिट्टी तेल नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि बीते कई महिने से ग्रामीण उपभोक्ताओं को इस गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिसके संबंध में कई बार शिकवा शिकायत भी की गई है लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा मिट्टी तेल का कोटा नहीं बढ़ाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में हजारों राशन कार्डधारी उपभोक्ता हैं लेकिन यहां मिट्टी तेल की सप्लाई कुछ लीटर प्रति महिने ही की जा रही है, जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। ऐसी स्थिति में राशन कार्डधारियों को मात्र एक लीटर मिट्टी तेल ही मिल पा रहा है। जबकि कार्डधारियों को महिने में कम से कम 5 लीटर मिट्टी तेल की आवश्यकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि भले ही आज ईंधन के कई संसाधन उपलब्ध है लेकिन ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में आज भी दैनिक निस्तार में और अब लगातार मंहगी हो रही बिजली और रसोई गैस सिलैण्डर के चलते मिट्टी तेल का उपयोग बढ़ गया है। कुल मिलाकर यहां हर घर में मिट्टी तेल का उपयोग किया जाता है लेकिन उन्हें शासकीय राशन दुकान से खपत के मुताबिक मिट्टी तेल नहीं मिल पा रहा है। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मिट्टी तेल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।



## सार समाचार

### महाशिवरात्रि पर अखंड रामायण पाठ



**राजनांदगांव।** महाशिवरात्रि के अवसर पर जीई रोड स्थित पारीनाला के समीप 103 वर्ष पुराना श्री शिव हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जीई रोड स्थित पारीनाला के समीप 103 वर्ष पुराना श्री शिव हनुमान मंदिर में 25 फरवरी को 12 बजे दोपहर से 26 फरवरी तक अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। पाठ समाप्ति के बाद पूजन हवन एवं प्रसादी का कार्यक्रम है।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग, टीम ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने सख्ती बरतते हुए नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों व ठेला खोमचा पर कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई की कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला नया बस स्टैण्ड, जीई रोड के 12 दुकानदारों व ठेला खोमचा वालों पर कार्रवाई कर लगभग 3 किलो झिल्ली पन्नी, डिस्पोजल ग्लास व स्ट्रा की जब्ती कर 3100 रुपए जुर्माना लगाया। पर्यावरण संरक्षण तथा प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन की मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है। नगर निगम आयुक्त ने कार्रवाई के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते शासन निर्देश के अनुक्रम में एवं कलेक्टर व प्रशासक संजय अग्रवाल के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे हैं। समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई की कडी में आज नया बस स्टैण्ड एवं पाताल भैरवी मंदिर के आस पास जी.ई. रोड के होटल दुकान एवं फल व गन्ना रस के ठेला खोमचा में प्रतिबंधित प्लास्टिक की जांच कर लगभग 3 किलो झिल्ली पन्नी तथा 20 रीम डिस्पोजल ग्लास व 7 पैकेट प्लास्टिक स्ट्रा जब्ती कर 3 हजार 1 सौ रुपए जुर्माना लगाया। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी।

आयुक्त ने गन्ना रस बेचने वाले दुकानदारों व ठेला वालों से अपील करते कहा है कि वे प्लास्टिक के डिस्पोजल के स्थान पर पेपर डिस्पोजल ग्लास का उपयोग करें। साथ ही स्ट्रा का उपयोग न करें, क्योकि यह शरीर को सीधे नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंनें सभी व्यापारियों से अपील करते कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते कहा है कि स्वच्छता अपनाएं व प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुए जब भी घर से निकले कपड़े के थैला लेकर निकले तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव 8 मार्च से

**राजनांदगांव।** खाटू वाले श्याम प्रभु के महत्वपूर्ण उत्सवों में फागुन महोत्सव का विशेष स्थान है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा इस वर्ष खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव पर चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम किए जाने की व्यापक तैयारिया की गई है। महोत्सव 8 मार्च से शुरू होगा। समिति के अनुसार इस वर्ष फागुन महोत्सव के अवसर पर 23वीं निशान यात्रा 01 मार्च को 50 श्रद्धालु माता-बहनें एवं बंधु निशान लेकर खाटु श्याम को समर्पित करने जाएंगे। संस्कारधानी नगरी में 30वां फागुन महोत्सव 8 से 11 मार्च तक चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर दुग्धाभिषेक, निशान यात्रा, भव्य भजन संध्या के साथ ही श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ एवं भंडारा प्रसादी आयोजित किया जाएगा।

## जिला पंचायत चुनाव में हार के बाद नेताओं पर लगाए गंभीर आरोप

# पूर्व सीएम और कांग्रेस नेताओं पर आरोप जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू को कांग्रेस नेताओं का साथ नहीं मिलने के चलते हार का सामना करना पड़ा। अपनी हार के बाद उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गिरीश देवांगन सहित कांग्रेस के नेताओं और डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान पर कांग्रेस के बागी प्रत्याशी का साथ देने और धन-बल से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को हराने का आरोप लगाया है। वहीं इस पूरे मामले से क्षुब्ध होकर उन्होंने कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा दे दिया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के अधिकृत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 टेडेसरा के प्रत्याशी भागवत साहू ने कहा है कि कांग्रेस के नेताओं ने उन्हें हराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। धन-बल का प्रयोग करते उन्हें हरा दिया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी के बड़े नेताओं ने उनका सहयोग नहीं किया, बल्कि कांग्रेस के बागी अंगेश्वर देशमुख के पक्ष में कांग्रेस के नेताओं ने प्रचार-प्रसार किया, सभाएं की। जिसके चलते कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी होने के बाद भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा।




### बने रहेंगे साधारण कार्यकर्ता

कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने और पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्होंने जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है और कांग्रेस पार्टी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें बहुत सम्मान दिया है, वह साधारण कार्यकर्ता की तरह ही काम करेंगे।

### कांग्रेस नेताओं ने किया षड्यंत्र

भागवत साहू ने कहा कि कांग्रेस द्वारा इन्हें किसी भी तरह का सहयोग नहीं किया गया, यहां तक कि शहर सहित ग्रामीण नेता द्वारा चुनाव में जीत न हो सके, उसके लिए षडयंत्रपूर्वक काम किया गया। इस वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### साहू समाज सुरक्षित नहीं

साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से वे कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े, लेकिन इस चुनाव में कांग्रेस नेताओं का साथ नहीं मिलने के चलते बीते 17 फरवरी को संपन्न हुए मतदान की गणना में उनकी हार हो गई। ऐसे में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि साहू समाज के 75 प्रतिशत लोग भारतीय जनता पार्टी में है। वहीं महज 25 प्रतिशत ही कांग्रेस में रह गए हैं, लेकिन कांग्रेस में साहू समाज सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि वह यहां सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। इस वजह से साहू समाज कांग्रेसमुक्त होने की ओर बढ़ रहा है।

### पूर्व मुख्यमंत्री सहित अन्य पर आरोप

भागवत साहू ने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन के साथ ही डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल और पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवाज खान द्वारा षडयंत्रपूर्वक साहू समाज के प्रत्याशी को हराने के लिए धन-बल व बाहुबल का भरपूर प्रयोग किया और जिला साहू समाज के अध्यक्ष को बदले की भावना को ध्यान में रखकर बागी प्रत्याशी अंगेश्वर देखमुख को विजयी बनाने में सफल हुए।

## त्रिपुरा महाविद्या धर्मार्थ सेवा समिति के सदस्यों ने की मधु से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रिपुरा महाविद्या धर्मार्थ सेवा समित के सदस्यों ने मधुसूदन यादव से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ व भगवत गीता देते महापौर बनने की शुभकामनाएं दी। समिति के अध्यक्ष द्वारा समिति के उद्देश्य, समाज में धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करना तथा असहाय लोगों की सेवा करना, निर्धन व जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, जगराता, भागवत व अन्य सामाजिक जनजागृति, पर्यावरण के क्षेत्र आदि जनकल्याणकारी कार्यों में महापौर से चर्चा की।

समिति अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार साहू, संयुक्त सचिव नंदलाल वाघेला एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रहलाद रूचंदानी, राजीव यादव ने पुनः शुभकामना दिया। उक्त जानकारी नंदलाल वाघेला ने दी।

## तनाव प्रबंधन और ध्यान का पांच दिवसीय सत्र आयोजित

**राजनांदगांव।** 44वीं और 27वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों के लिए पानाबरस मोहला में तनाव प्रबंधन और ध्यान का पांच दिवसीय सत्र 10 से 14 फरवरी तक आयोजित किया गया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय और आर्ट ऑफ लिविंग की पहल से आईटीबीपी और अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में जवानों को तनाव प्रबंधन के विषय में प्रत्येक वर्ष प्रशिक्षित किए जाने की पहल की जाती रही है।

क्षेत्रीय मुख्यालय आईटीबीपी राजनांदगांव और आर्ट ऑफ लिविंग राजनांदगांव द्वारा इस विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से डॉ. खिलेश्वरी साव ने इस प्रशिक्षण को संचालित किया। द आर्ट ऑफ लिविंग के व्यक्ति विकास केंद्र संस्था (वीवीआईके) के तत्वावधान में आयोजित सत्रों में डॉ. साव ने जवानों के योग और व्यायाम सत्रों में प्रशिक्षित किया।

कमांडेंट मुकेश कुमार धस्माना 44वीं बटालियन और विवेक कुमार पांडेय 27वीं बटालियन ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि बल मुख्यालय द्वारा अनुमोदित 'ओजस' कार्यक्रम के अंतर्गत तनाव प्रबंधन और अन्य शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

पांच दिनों के इस कार्यक्रम में अभ्यास, योगाभ्यास और प्राणायाम और दिशा प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया आदि का अभ्यास कराया गया। ध्यान और व्यायाम के साथ इस कार्यक्रम को आईटीबीपी में प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। सीमा सुरक्षा के साथ कई अन्य आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी और वामपंथ उग्रवाद के विरुद्ध अभियानों में आईटीबीपी देश के विभिन्न हिस्सों में तैनात रहती है।

## 30 गांव में बढ़त, विक्रांत की एकतरफा जीत

### भाजपा नेता विक्रांत सिंह पर भुरभुसी क्षेत्र की जनता ने जताया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक में 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवगठित जिला पंचायत क्षेत्र भूर्भुसी आरक्षण प्रक्रिया में अनारक्षित पद होने के चलते क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जिले के कद्दावर भाजपा नेता व निवर्तमान राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को इस क्षेत्र से जिला पंचायत चुनाव लड़ने के लिए कहा जा रहा था।

साथ ही पार्टी ने भरोषा जताते हुए भूर्भुसी क्षेत्र से विक्रांत सिंह को अधिकृत प्रत्याशी घोषित करने के बाद से ही भूर्भुसी जिला पंचायत क्षेत्र हाईप्रोफाइल सीट के नाम से जाने लगा था वही चुनाव में विक्रांत सिंह ने दिन रात मेहनत कर क्षेत्र की जनता के विश्वास पर ऊपर खरे उतरने में कामयाब रहे व अच्छी लीड लेकर कांग्रेस प्रत्याशी को हराकर पार्टी द्वारा किये गए निर्णय पर भरोषा कायम रखते हुए विजयी होने में कामयाब हो गए है।

वही देर रात तक बूथों में कार्यकर्ताओ सहित क्षेत्र के ग्रामीण डटे रहे जैसे ही परिणाम विक्रांत सिंह के पक्ष में आना शुरू हुआ श्री सिंह को बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। बता दें कि विक्रांत सिंह केसीजी जिले में बड़े भाजपा नेता के रूप में जाने जाते हैं व प्रदेश भाजपा में कार्यसमिति सदस्य के पद पर आसीन है व जिले से लेकर प्रदेश स्तर की राजनीति में अच्छी पकड़ वाले नेताओं में गिने जाते हैं।

### जनता ने सुशासन पर लगाई मुहर

श्री सिंह ने भूर्भुसी जिला पंचायत की जीत पर इस क्षेत्र की जनता की जीत बताते हुए कहा कि जनता ने छत्तीसगढ़ की सुशासन की सरकार पर मुहर लगाई है व भूर्भुसी क्षेत्र सहित केसीजी जिले में व्यवस्थित तरीके से विकास करने के लिए काम किया जा रहा है व भाजपा जो कहती है उसे करती है जिसमे किसानों के धान की अंतर की राशि एकमुश्त देकर किसानों का भरोषा जीता है व महिलाओ को हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रुपये देकर महिलाओ का सम्मान बढ़ाया है व कांग्रेस सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों के 18 लाख रुके हुए आवास की स्वीकृति भाजपा सरकार ने दिया जिससे गरीबो के पक्के मकान बनना शुरू हो गया है साथ ही भूमिहीन परिवारों को हर साल10 हजार रुपये देने का काम भाजपा सरकार कर रही है जिससे जनता खुश है व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के ऊपर जनता अपना विश्वास जता रही है। श्री सिंह ने आगे कहा कि क्षेत्र में पेयजल समस्या सहित मूलभूत आवश्यकताओं के लिए प्लानिंग के तहत काम किया जायेगा व जनता के हित को लेकर विकास कार्य कराया जाएगा।

## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव : द्वितीय चरण के लिए आज सामग्री वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के प्रथम चरण का चुनाव संपन्न कराने के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वितीय चरण के चुनाव कराने की तैयारियों में जुट गया है। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी जिपं एवं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूजा पींचा सहित अन्य अधिकारी ने सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण किया। वही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आवश्यक सुझाव एवं दिशानिर्देश दिए।

### सुबह 7 बजे समग्री वितरण

खैरागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में होने वाले द्वितीय चरण के मतदान के लिए बुधवार को राजा फतेह सिंह खेल मैदान में सुबह 7 बजे से सामग्री का वितरण किया जाएगा। बुधवार को ही खैरागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के 340 बूथ के लिए मतदान दलों को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ गंतव्य के लिए रवाना किया गया। गुरूवार 20 फरवरी को जिला पंचायत, जनपद सदस्य, पंच एवं सरपंच के लिए मतदान होना है। जिसके लिए बुधवार को राजा फतेह सिंह खेल मैदान खैरागढ़ से सामग्री का वितरण किया जाएगा। जनपद खैरागढ़ के लिए 18 सेक्टर बनाए गए हैं। जानकारी अनुसार चार कलर में मतपत्र पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए है। मतदान के लिए सभी मतदान दलों को दो बार ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

## रेलवे महाप्रबंधक ने रेल खंड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने 17 फरवरी को दुर्ग-गोंदिया-भंडारा रोड रेल खंड निरीक्षण कर गोंदिया स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे अधोसंरचना विकास, रेल परियोजनाओं सहित संचालन और संरक्षा का व्यापक जायजा लिया। निरीक्षण के अवसर पर दीपक कुमार गुप्ता मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर, प्रवीण पांडे प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक सहित मुख्यालय बिलासपुर के उच्च अधिकारीगण एवं मंडल के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान तरुण प्रकाश ने गोंदिया स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत जारी विभिन्न रेल विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की स्थिति का भी आंकलन किया और बेहतर सेवा प्रदान करने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यहां उपलब्ध यात्री सुविधाओं, पार्किंग, बुकिंग ऑफिस, लॉबी आदि का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर डीआरयूसीसी मेंबर एवं प्रतिनिधियों से यात्रा सुविधाओं के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान गोंदिया यार्ड में हाल ही में निर्माण आरओआर के बारे में महाप्रबंधक ने कहा कि इसके शुरू होने से ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। जिससे समयबद्धता में बड़ा सुधार होगा। यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों का संचालन अधिक कुशल हो जाएगा। साथ ही गोंदिया रेलवे यार्ड पर यातायात का दबाव घटेगा। वर्तमान में जबलपुर-बल्लारशाह रूट की ट्रेनों को गोंदिया स्टेशन यार्ड से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे हावड़ा-नागपुर मार्ग की ट्रेनों को भी क्रॉसिंग के दौरान रूकना पड़ता है। इससे ट्रेन संचालन में अनावश्यक विलंब होती है।

## रोते-बिलखते मिले बालक को आरपीएफ ने परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



परिजनों के डांट से नाराज बालक साइकिल में भिलाई से राजनांदगांव आ गया] जो रेल्वे स्टेशन में रोते बिलखते मिला। आरपीएफ ने बालक को उसके परिजनों से संपर्क कर सौंप दिया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार 18 फरवरी को रात्रि गशत एवं रेलवे रिजर्वेशन आरक्षण केंद्र के पास चेकिंग के दौरान निरीक्षक तरुणा साहू रेल सुरक्षा बल प्रभारी राजनांदगांव साथ में उप निरीक्षक के. प्रसाद, आरक्षक आरके दुबे, आरक्षक मनीष कुमार थे।

इस दौरान सुबह 5 बजे एक 12 वर्ष का लडका डरा सहमा बैठकर रोते पाए जाने पर नाम पूछने पर अपना नाम बताया और यह भी बताया कि वह अपने घर से माता-पिता के डांट से नाराज होकर घर से 17 फरवरी को भिलाई से साइकिल से राजनांदगांव तक आया था और रेलवे स्टेशन राजनांदगांव में आकर रो रहा था।

तब प्रेमपूर्वक समझाकर पूछने पर बताया कि उसे अपने माता-पिता के पास जाएगा।

उसे रे.सु.ब. पोस्ट राजनांदगांव लाया गया। उक्त नाबालिक बालक की सूचना उप स्टेशन प्रबंधक राजनांदगांव को दी गई। मोबाइल के माध्यम से उनके परिजन को इसकी सूचना दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि उनका लडका लगभग समय 9 बजे डांटने से घर से बिना किसी को कुछ बताए निकल गया था।

### आरपीएफ का आभार जताया

बालक के पापा और चाचा भिलाई से रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव पहुंचे। बच्चे के पापा द्वारा बताया गया कि उक्त बच्चा नहीं मिलने पर भिलाई 3 में एफआईआर दर्ज किया गया है। इसकी सूचना भिलाई थाना को दी गई। आधार कार्ड वेरीफाई करने के पश्चात उक्त बच्चे को उसके पापा और चाचा को सही सलामत सुपुर्द किया। अपने बच्चे को पाकर बच्चे के परिजन बहुत खुश हुए एवं परिजनों ने आरपीएफ राजनांदगांव का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

## पूर्व मेयर पर कांग्रेस प्रत्याशी को हराने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस की पूर्व महापौर हेमा देशमुख द्वारा अपने ही वार्ड में कांग्रेस की प्रत्याशी सरोज यादव के खिलाफ काम करके उन्हें भाजपा प्रत्याशी से पराजित करवाने का प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी ने लगाया है।

कांग्रेस की प्रत्याशी सरोज यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पूर्व महापौर हेमा देशमुख, उनके पति पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, उनके पुत्र युवा कांग्रेस के महासचिव मानव देशमुख पर कांग्रेस से वार्ड नंबर 5 की प्रत्याशी सरोज यादव के खिलाफ कार्य कर कांग्रेस को हराने का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रत्याशी सरोज यादव ने कहा कि पूर्व महापौर हेमा देशमुख के 5 वर्ष का कार्यकाल भ्रष्टाचार से भरा रहा। उन्होंने भाजपा के लिए काम किया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं दिया। जिसकी वजह से लोकसभा, विधानसभा और नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार हुई।




### कांग्रेस को मिली पराजय

कांग्रेस प्रत्याशी सरोज यादव ने कहा कि पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख अपने महापौर पद में रहते हुए भी भाजपा के लोगों के साथ तालमेल बनाकर चली और महापौर पद से हटने के बाद भी उन्होंने भाजपा के लोगों को ही सपोर्ट किया। हेमा देशमुख, सुदेश देशमुख और मानव देशमुख यह नहीं चाहते थे कि कोई दूसरा कांग्रेस का जनप्रतिनिधि इस वार्ड में बने। भाजपा प्रत्याशी के साथ देशमुख परिवार ने धन-बल का गलत उपयोग करके मुझे हराने में पूरा जोर लगाया। जिसके परिणामस्वरूप पूर्व महापौर के वार्ड से हमें 300 से भी अधिक वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा।

### पार्टी से निष्कासित करने की मांग

वार्ड नंबर 5 से कांग्रेस प्रत्याशी रही सरोज यादव के देवर प्रदीप यादव ने कहा कि देशमुख परिवार ने कांग्रेस को वार्ड में हारने का काम किया है। उन्होंने मतदान भी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा को शिकायत पत्र के माध्यम से की गई है। उन्होंने इस मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है।

### भाजपा प्रत्याशी के जीतने के बाद स्वागत

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड नंबर 5 चिखली से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी की जीत के बाद पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने उन्हें अपने घर बुलाया और उनकी आरती उतारकर तिलक किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025,
23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशि:-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर, उपद्रव करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव : द्वितीय चरण के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में विकासखंड कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा में 17 फरवरी को मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। अब 20 फरवरी को बोड़ला एवं पंडरिया विकासखंड में द्वितीय चरण का मतदान होना है। इस चरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अशांति को रोकने के लिए कबीरधाम पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में 655 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इनमें 77 मतदान केंद्र नक्सली दृष्टि से अति संवेदनशील तथा 45 मतदान केंद्र संवेदनशील श्रेणी में हैं। इन क्षेत्रों में डीआरजी एवं सीएएफ के विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है, जो निरंतर क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

असामाजिक तत्व सावधान पुलिस की कड़ी निगरानी, उपद्रव पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। 257 मतदान केंद्रों को राजनीतिक रूप से संवेदनशील चिन्हित किया गया है, जहां विशेष सतर्कता बरती जाएगी। मतदान केंद्रों के पास हंगामा, झगड़ा या गड़बड़ी करने वालों को तुरंत हिरासत में लिया जाएगा। मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर अनाधिकृत रूप से घूमने, संदिग्ध गतिविधि करने या समूह में एकत्र होने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### अभेद सुरक्षा घेरा पुलिस के चक्रव्यूह से बचना नामुमकिन





त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में 1326 सुरक्षाकर्मी मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे, जो किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं। 48 पेट्रोलिंग टीमें पर्याप्त बल के साथ विशेष रूट मैप के अनुसार तैनात रहेंगी, जिससे किसी भी मतदान केंद्र पर गड़बड़ी की स्थिति में 5 से 10 मिनट के भीतर सुरक्षा बल पहुंच जाएगा। थाना बोड़ला एवं पंडरिया में 50-50 जवानों की त्वरित कार्रवाई टीम क्यूआरटी तैनात की गई है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सक्रिय होगी। इसके अतिरिक्त थाना चिल्फी, रेंगाखार, कुकदूर, पाण्डातराई, कोतवाली, भोरमदेव, कुण्डा एवं चौकी पोंड़ी, तरेगांव, दामापुर, झलमला, सिंघनपुरी में भी क्यूआरटी बल रिजर्व में रखा गया है।

### मतदान केंद्रों की गतिविधि पर पैनी नजर

मतदान केंद्रों में केवल अधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश की अनुमति होगी, अनाधिकृत प्रवेश पर तत्काल गिरफ्तारी की जाएगी। किसी भी मतदान केंद्र के आसपास हथियार, शराब, नशीले पदार्थ या अवैध सामग्री के साथ पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्यवाही होगी। साथ ही साथ भ्रामक खबरें या अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही होगी। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार या झूठी जानकारी पोस्ट करने वालों को ट्रेस कर तत्काल गिरफ्तारी की जाएगी। कबीरधाम पुलिस सभी नागरिकों, प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया में सहयोग करने अपील की गई।

# हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना पहली प्राथमिकता: नपाध्यक्ष

## फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे चंद्रवंशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नव-निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार सुबह-शाम शहर का निरीक्षण कर आवश्यक गतिविधियों से रूबरू हो रहे है, उन्होनें शहर की प्रत्येक घरो तक शुद्व पेयजल पहुंचे, इसके लिए अभी से प्रयास करने में जुट गए है। उन्होनें गर्मी के समय में होने वाले परेशानियों को ध्यान रखकर मंगलवार को फिल्टर प्लांट निरीक्षण करने पहुंचे। साथ ही वहां आवश्यक सुविधाओं बेहतर करने अधिकारियों को निर्देशित किया। नगरवासियों को साफ व शुद्व पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरोधा जल आवर्धन योजनांतर्गत निर्मित फिल्टर प्लांट का नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने पार्षद टीम व अधिकारी-कर्मचारी के साथ निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होनें वहां उपस्थित कर्मचारियों व चौकीदार से वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर कर्तव्य के प्रति सजग रहने को कहा। उन्होनें कार्यरत कर्मचारियों की सरल अंदाज में तारीफ किया साथ ही उनका मनोबल बढ़ाया। फिल्टर प्लांटर निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने कहा कि नगरवासियों को साफ व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका का प्रथम कर्तव्य है।

सरोधा बांध के पानी को फिल्टर करने व उसके शुद्धिकरण की पूरे प्रक्रिया महत्व पूर्ण है इसे प्राथमिकता में लेते हुए सावधानी पूर्वक फिल्टर करें। उन्होनें प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों से कवर्धा शहर में समयानुसार होने वाले पानी सप्लाई की जानकारी ली और प्लांट में पानी शुद्धिकरण के लिए उपयोग में लाये जाने वाले एलम, ब्लीचिंग पावडर की स्टॉक भरपूर मात्रा में रखने अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्रीष्मकालीन में कवर्धा शहर के नागरिकों को पानी के लिए असुविधा ना हो इसका पूर्ण ध्यान रखना सुनिश्चित करें।

### नपाध्यक्ष ने सुविधाओं के लिए प्राक्कलन तैयार करने आवश्यक निर्देश दिए

नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने सरोधा जल आवर्धन योजनांतर्गत निर्मित फिल्टर प्लांट के चारो ओर घुम-घुमकर पेयजल फिल्टर करने की प्रक्रिया के बारे में पूछा तथा संचालन समय के बारे में अवगत हुए। उन्होनें बिना अनुमति के किसी भी बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश न करने की हिदायत दी। उन्होनें फिल्टर प्लांट में रेलिंग कार्य, तार फेंसिंग कार्य, मरम्मत-संधारण कार्य व अन्य आवश्यकतानुसार फिल्टर प्लांट में सुविधाओं का विस्तार हेतु प्राक्कलन तैयार करने उपस्थित अधिकारी को निर्देशित किया।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना कवर्धा में गन्ना पेराई सत्र 2024-25 बंद होने की सूचना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मार्यादित कवर्धा में कार्यक्षेत्र के अंशधारी कृषकों को सूचित किया जाता है कि कारखाने का पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना खरीदी 23 फरवरी 2025 तक निर्धारित किया गया है। कारखाना में गन्ना खरीदी हेतु संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदान कर दिया गया है, जिले के ऐसे गन्ना उत्पादक कृषकगण जिन्हे किसी कारणों से गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदान नही हुआ हो, वे भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा के गन्ना उत्पादक कृषक अपना शेष गन्ने को जूस हेतु अथवा बीज हेतु एवं गुड़ निर्माण हेतु सुरक्षित रखा हो तथा शक्कर कारखाना कवर्धा में पेराई हेतु विक्रय नही करना चाहते ऐसे कृषक कारखाना गन्ना विभाग को लिखित रूप से सूचित करने अपील की गई।

# वनांचल क्षेत्र तरेगांव के दौरे में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन : उपमुख्यमंत्री शर्मा

- क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में भाग लिया डिप्टी सीएम ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के ग्राम तरेगांव संघन दौरे पर पहुंचे। जहां उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने बोड़ला मंडल अध्यक्ष मोहन धुर्वे की गेंद पर शानदार शॉट लगाकर मैच का माहौल और भी रोमांचक बना दिया।

ग्राम तरेगांव में आयोजित इस किकेट प्रतियोगिता के दौरान उपमुख्यमंत्री का यह खेल प्रदर्शन निश्चित रूप से स्थानीय युवाओं के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा। उनके शॉट ने यह साबित कर दिया कि एक सच्चा खिलाड़ी कभी भी अपनी क्षमता को खोता नहीं है, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में क्यों न हो। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिकेट प्रेम किसी से छुपा नहीं है, बचपन से ही वह क्रिकेट के दीवाने रहे हैं। यूथ क्लब टीम में खेलने के दौरान उन्होंने कई मैचों में शानदार बल्लेबाजी की थी और आज भी उनकी बल्लेबाजी की शैली में वही दमखम नजर आया। श्री शर्मा का शॉट देखकर वहां उपस्थित दर्शक आश्चर्य चकित रह गए और उनके खेल कौशल की सराहना की। वहां के ग्रामीणों के लिए यह एक यादगार पल था, जब उपमुख्यमंत्री ने न केवल अपनी क्रिकेट की पुरानी यादें ताजा कीं, बल्कि खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी साबित किया। उनके शॉट से यह स्पष्ट हो गया कि खेल के प्रति उनका प्रेम और जुनून आज भी कायम है।

श्री शर्मा का यह कदम ग्रामीणों को खेल के प्रति प्रेरित करने का एक बेहतरीन उदाहरण था। उनका मानना है कि खेल सिर्फ शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। वे हमेशा से युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते आए हैं और इस बार भी उन्होंने खुद मैदान पर उतरकर यही संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के इस क्रिकेट प्रेम को लेकर जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं, साथियों और ग्रामीणों ने उनकी सराहना की।

### श्रीराम कथा सुनने उमड़ रही भारी भीड़



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम कोलेगांव में नौ दिवसीय 14 से 22 फरवरी श्री राम कथा मानस ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में पहुंचकर घर-परिवार की सुख-शांति व समृद्धि के लिए श्रीराम कथा मानस यज्ञ में परिक्रमा व पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहें है। वहीं ग्राम कोलेगांव में श्रीराम कथा के आयोजन से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। जिसमें कथा व्यास रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्रचार्य महाराज एवं श्री मानस यज्ञ राम कथा का मुख्य यजमान श्रीमती चित्ररानी केदार शर्मा विराजमान है। श्रीराम कथा में रामाधार शर्मा, नर्मदा शर्मा, शंभू शर्मा, पवन शर्मा, विनय शर्मा, दुष्यंत शर्मा, राजीव शर्मा, दिनेश पांडेय, रामसहाय साहू, डॉ संतोष साहू, नारायण साहू, खेलूराम साहू, खेदुराम साहू, भागबली साहू, उमेद साहू, चतुर साहू, कृष्णा साहू सहित समस्त ग्रामवासियों व आसपास क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ कथा सुनने उमड़ रही है।

# नव-निर्वाचित सरपंच का रंग-गुलाल व फूल माला से किया स्वागत

- रहवासियों में भारी खुशी का माहौल, डीजे के धून में थिरके ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में रहवासियों को 25 वर्ष यानि पांच पंचवर्षी बाद सरपंच पद मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम जमुनिया में सरपंच का पद पर नियमित रूप से बनते आ रहे थे, जिनके कारण से आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में विकास व ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वहीं आश्रित ग्राम रहकर आश्रय में ही रह गया था, जिनके कारण से गांव में बुनियादी सुविधा और विकास कार्य नहीं हो पाया। वहीं वर्तमान में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण सरपंच पद के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में पंचायती राज का चुनाव किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा नई सरपंच ग्राम सारंगपुर खुर्द के निवासी ने भारी मतों से विजयी दिलाई।

जिसमें मतदाताओं एवं ग्रामवासियों द्वारा नगर भ्रमण करते हुए डीजे की धुन में भव्य रैली निकालकर रंग गुलाल व फूल माला से जीत का जश्न मनाया। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब नई सरकार पंचायती राज की सरपंच पद ग्राम सारंगपुर को मिलने से ग्रामीणों को भारी उम्मीद है कि अब गांव-गली का बहुमुखी विकास जैसे शिक्षा, बिजली, पानी, स्वच्छता, पक्की सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य से ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं व विकास कार्य मिलेगी जिससे ग्रामीणों को राहत व सुविधा मिलेगी। बुजुर्गों ग्रामीणों का कहना है कि यहा पहली बार ग्राम सारंगपुर खुर्द में सरपंच बना है, ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द का व्यक्ति पहली बार सरपंच बनी है, जो अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 16 वोट से बढ़त बनाते हुए महिला सरपंच श्रीमती एमीन सरजु राम धुर्वे के हाथों में बागडोर पंचायती राज सरपंच पद दी गई है। जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# अच्छे अंक लाने छात्रों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आगामी 1 मार्च से आयोजित छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओ को ध्यान में रखते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोडापुरी में विद्यार्थियों के ल एि एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तर लिखने की सही तकनीक समझाना था, जिससे वे बेहतर अंक प्राप्त कर सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य बसंत कुमार डोरे ने विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका प्रस्तुत करने के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होने कहा कि साल भी की मेहनत का सही परिणाम तभी मिलेगा जब छात्र उत्तर लिखने की सही विधि अपनाएंगें। उन्होने यह भी बताया कि साफ सुथरी और सुंदर लिखावट उत्तर पुस्तिका जांचने वाले शिक्षक पर सकारात्मक प्रभाव डालती है जिससे अच्छे अंक प्राप्त करने की संभावना बढ़ जाती है।

## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के चुनाव में सभी 6 सीटें जीती

# साय सरकार की नीतियों की हुई जीत: डिप्टी सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण का चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ। जिसके नतीजे आने शुरू हो गए हैं। वहीं निकाय चुनाव में शानदार जीत के बाद भाजपा ने कवर्धा जिला पंचायत में भी अपना कब्जा कर लिया है। पहले चरण में जिले के 14 जिला पंचायत क्षेत्र में से 6 में चुनाव हुआ। जिसमें सभी 6 जिला पंचायत क्षेत्रों में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अपने प्राप्त गणना पत्रक के अनुसार जीत चुके हैं। अधिकृत रूप से घोषणा होना बाकी है जो 20 फरवरी को टेबुलेशन के बाद अधिकृत रूप से प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा जिला पंचायत क्षेत्र 10, 11 और 14 की रही है। जहां 10 में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बेहद करीबी भाजपा के कैलाश चंद्रवंशी चुनावी मैदान में थे।

जिनके प्रचार में भी गांव-गांव गए थे, वहां से सर्वाधिक मत प्राप्त कर कैलाश चंद्रवंशी ने जीत हासिल कर ली है। साथ ही जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 में वीरेंद्र साहू ने अपने ही भाजपा के मित्र दिनेश चंद्रवंशी को पटखनी दी है। इसके अलावा क्षेत्र क्रमांक 14 में ईश्वरी साहू ने कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी कलीम खान को भारी अंतर से मात दी है। पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत के बाद जश्न का माहौल है। नतीजे आने के बाद उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा पहुंचे और उन्होंने सभी प्रत्याशियों को जीत की बधाई दी।

इस दौरान शर्मा ने क्षेत्र की जनता का भी आभार व्यक्त किया। पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत के बाद उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मेहनत कर यह जीत हासिल किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की नीतियों की जीत हुई है।

### दूसरे चरण में भी हम जीतेंगे: शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि दूसरे चरण के चुनाव में भी हम प्रचंड जीत दर्ज करेंगे। प्रचार के दौरान जनता का अपार आर्शीवाद मिल रहा है और वे खुद भाजपा को वोट देना चाह रही है। स्थानीय चुनाव में स्थानीय मुद्दे ही प्रभावी होते हैं और जनता इसे वोटिंग करते समय देखती है। हमारी सरकार से स्थानीय नीतियों पर बेहतर तरीके से काम किया है जिसका परिणाम हमें निकाय और पंचायत चुनाव में देखने को मिल रहा है।

### कार्यकर्ताओं से की भेंट-मुलाकात: किरण देव



**हरिभूमि पंडरिया।** कवर्धा पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव का उच्च विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगरीय निकाय के नव-निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के नव-निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यो में भव्य स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सिंहदेव अपने निजी कार्य से मध्यप्रदेश जा रहे थे तो कुछ देर के लिए कवर्धा विश्राम गृह में भाजपा पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं में भेंट-मुलाकात की।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**चुनावः गणनापत्र के आंकड़ों में जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों की बल्ले-बल्ले**

# पहले चरण के चुनाव में भाजपा को जिपं की सभी 6 सीटों में भारी बढ़त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के नगरीय निकाय चुनाव की ही तरह भाजपा 17 फरवरी को जिले के आधा दर्जन जिला पंचायत क्षेत्रों त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव में अपना परचम लहराते नजर आ रही है। गत सोमवार को जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 एवं 14 के लिए हुई मतदान के बाद देर रात जिला निर्वाचन द्वारा प्रत्याशियों को जारी किए गए गणना पत्रक के आंकड़ों की माने तो इन सभी आधा दर्ज जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांकों में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जीत दर्ज करते दिखाई दे रहे हैं।

बताया जाता है कि इन मतगणना के इस गणना पत्रक के सामने आने के बाद भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खासा उत्साह और जोश दिखाई दे रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में गत 17 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 एवं 14 के लिए मतदान किया गया। इस बार भाजपा ने जहां जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से सुमित्रा विजय पटेल को, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चन्द्रवंशी को,जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे को, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से राजकुमारी राजेन्द्र साहू को तथा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से ईश्वरी साहू को चुनाव मैदान में उतारा था। वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 को भाजपा ने मुक्त रखा था और यहां से अपने किसी भी प्रत्याशी को अधिकृत नहीं रखा था। पहले चरण के लिए हुए जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला इसी क्षेत्र क्रमांक 11 में देखने को मिला। क्योंकि यहां भाजपा के ही दो बड़े चेहरे वीरेन्द्र साहू तथा दिनेश चन्द्रवंशी चुनावी रण में उतर आए थे और मुख्य मुकाबला भाजपा के बीच ही सिमट कर रह गया था। हालांकि इस बात की भी आशंका जताई जा रही थी कि कहीं भाजपा समर्पित इन दोनो प्रत्याशियों के चुनावी दंगल में कोई तीसरा बाजी न मार दे लेकिन ऐसा हुआ नहीं और यहां से गणना पत्रक के मुताबिक वीरेन्द्र साहू 2900 मतों से आगे बताए जा रहे हैं।

इसी प्रकार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सुमित्रा विजय पटेल, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से राजकुमारी राजेन्द्र साहू तथा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से ईश्वरी साहू भी गणनापत्र के आंकड़ों में अपने विरोधियों से काफी आगे बताए जा रहे हैं या यूं कहें की अनाधिकृत रूप से जिला पंचायत के इन सभी भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों ने चुनाव जीत लिया है। जिसकी औपचारिक घोषणा बाकी है। जो संभवतः 20 फरवरी को की जाएगी।

**प्रत्याशियों ने कहा कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के भरोसे का परिणाम**









प्राप्त गणनापत्र के मुताबिक जीत दर्ज कर चुके जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के भाजपा अधिकृत प्रत्याशी कैलाश चन्द्रवंशी तथा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के विरेन्द्र साहू सहित अन्य प्रत्याशियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, भाजपा सरकार की नीति, रीति, जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र के मतदाताओं के विश्वास व भरोसे को दिया है। भाजपा प्रत्याशियों ने कहा कि यह कोई पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। जिसे हमें पांच सालों तक निभाना है। उन्होने कहा कि हमारा सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि क्षेत्र का विकास और क्षेत्र की जनता की सेवा।

# दूसरे चरण के पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के दूसरे चरण के लिए मतदान दलों को 19 फरवरी को सामाग्री वितरित किया जाएगा। विकासखंड बोड़ला के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला और पंडरिया के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल पंडरिया से मतदान दल को सामाग्री वितरण किया जाएगा। कबीरधाम जिले में 20 फरवरी को दूसरे चरण के त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन होना है। इसके अन्तर्गत को होने वाले इस चरण में विकासखंड पंडरिया और बोड़ला के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिला पंचायत जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए द्वितीय चरण 20 फरवरी को पंडरिया एवं बोड़ला विकासखंड के 08 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन होगा। इसमें जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07 और क्षेत्र 08 शामिल है। उन्होंने बताया कि दोनो विकासखंड के निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 268 ग्राम पंचायतों में निर्वाचन होगा। इसमें कुल 3 लाख 31 हजार 65 मतदाता और मतदान केन्द्र 655 है। इन दोनो निर्वाचन क्षेत्रों में 27 अभ्यर्थी शामिल है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र क्रमांक 01 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 903 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 5 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 35 है। इन ग्राम पंचायतों में 43 हजार 883 मतदाता और मतदान केन्द्र 81 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 03 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 41 हजार 913 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 04 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 33 है। इन ग्राम पंचायतों में 43 हजार 159 मतदाता और मतदान केन्द्र 80 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 2 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 05 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 75 मतदाता और मतदान केन्द्र 81 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 06 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 37 है। क्षेत्र क्रमांक 07 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 33 है। क्षेत्र क्रमांक 08 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 37 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 430 मतदाता और मतदान केन्द्र 89 है।

**खबर संक्षेप**

### डीयूः सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी है। इसमें एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर, एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमएससी आईटी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 शामिल है।

### प्रधानमंत्री योग पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू

**कवर्धा।** केन्द्रीय आयुष मंत्रालय ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू करने की घोषणा की है। ये पुरस्कार योग के प्रचार व विकास में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण और निरंतर योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता देते हैं। ये पुरस्कार राष्ट्रीय व्यक्ति, राष्ट्रीय संगठन, अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति और अंतर्राष्ट्रीय संगठन श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिसके तहत प्रत्येक विजेता को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व 25 लाख रुपए के नगद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। नामांकन के लिए आवेदन 31 मार्च तक किया जा सकता है।

### सीजी बोर्ड परिक्षाओं का शुभारंभ 1 मार्च से

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाओं को अब कुछ दिन ही शेष रह गए है। जिसे देखते हुए परीक्षार्थी अपनी तैयारियों में जुटे हैं। टाइम टेबल के अनुसार कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 3 मार्च से 24 मार्च 2025 तक एवं कक्षा 12 वीं क्लास की बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च 2025 तक संपन्न करवाई जाएंगी। परीक्षा केवल एक शिफ्ट में आयोजित की जाएगी।

# कवर्धा में धूमधाम से मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

## निकाली जाएगी महाकाल की भव्य बारात

- महाकाल की बारात के साक्षी बनेंगे धर्मनगरी कवर्धा वासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा की विशेषता रही है की यहां हर उत्सव बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है, पिछले चार वर्षो से महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कवर्धा नगर में भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात एवं शिवगौरी विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारी के लिए आयोजन समिति बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल, धर्मनगरी कवर्धा जुट चुकी है। बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल के विकाश केशरी ने बताया कि विगत 4 वर्षो की तरह इस वर्ष भी भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें स्थानीय बूढ़ामहादेव मंदिर से महाअभिषेक के पश्चात भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात शोभायात्रा के रूप में निकाली जाएगी जिसमें पारंपरिक नृत्यों के साथ, आकर्षक झांकी का आयोजन होगा। बारात शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए मां महामाया मंदिर के पास स्थित भारत माता प्रतिमा प्रांगण में पहुंचेगी जहां भगवान शिव एवं माता गौरी का विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होगा जिसके बाद भगवान श्री महाकाल की भव्य भस्म आरती की जाएगी।



भगवान भोरमदेव महाराज की इस धर्मनगरी में जो श्रद्धा और उत्साह कार्यक्रम में दिखायी देता है वो हमारे धर्मनगरी कवर्धा की विशेषता रही है। नगर के जनप्रतिनिधियों, सर्व समाज के लोगों के साथ सामूहिक रूप से मिलकर इसका आयोजन किया गया था जो कि भव्य रूप से सम्पन्न हुआ था। विकाश ने बताया कि इस वर्ष भी बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल, धर्मनगरी द्वारा पूरे धूमधाम से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। आयोजन समिति के सुधीर केशरवानी, आकाश यदु, नीरज चंद्रवंशी, निमेश चंद्रवंशी, निक्कू आमदे, अंकित देवांगन, केतुल नाग, अभिषेक आमदे, राजा झरिया, यकीन ठाकुर, रूपेश चंद्रवंशी, लेखा चन्द्रवंशी, अंकित, करण धर्मी, रितेश यदु, अविनाश गुप्ता, अमित धुर्वे, शुभम शर्मा, प्रशांत मिश्रा, लोकेंद्र ठाकुर, रूपेश श्रीवास, मनीष चन्द्रवंशी, सौरभ नामदेव, वेदांत शर्मा, निखिल यदु, विवेक जायसवाल, बृजेश चन्द्रवंशी, अमन बर्वे, गौरांश पाल, अतुल पाण्डेय, स्वप्निल चन्द्रवंशी, अनुराग साहू, अनमोल चन्द्रवंशी, आनंद साहू, श्रेयांक चंद्रवंशी, प्रांजल यादव, चिराग यादव, अमन वर्मा, कान्हा चन्द्रवंशी, तरुण चन्द्रवंशी, तुलसी ठाकुर समेत अन्य सदस्य तैयारी मे लगे हुए है।

**महाभिषेक के साथ शुरू होगा कार्यक्रम**

आयोजन समिति के मुताबिक महाशिवरात्रि के अवसर पर सर्वप्रथम दोपहर 2.30 बजे स्थानीय बूढ़ामहादेव मंदिर से महाभिषेक किया जायेगा जिसके बाद कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें महाकाल जी की बारात पूरे कवर्धा शहर भ्रमण के बाद मां महामाया मंदिर पहुची थी जहां शिवगौरी विवाह का शानदार आयोजन होगा। महाकाल की बारात शोभायात्रा के रूप मे निकाली जाएगी जो की शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए महामाया मंदिर पहुंचेगी जहाँ हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति मे शिव गौरी विवाह सम्पन्न होगा। विकाश ने बताया की इस वर्ष हमारे कार्यक्रम को पांच वर्ष पूर्ण होने जा रहा है जिसके कारण पंचमुखी महाकाल की प्रतिमा का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसमें चार मुख विगत चार वर्षो की प्रतिमा के समरूप होंगी एवं पांचवा मुख दूल्हा बने महाकाल को समर्पित होंगी।

# जनता का आशीर्वाद, हर संघर्ष में आपके साथः संतोष

- जनता का आशीर्वाद, सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएंगेः संतोष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका चुनाव के परिणाम के बाद कांग्रेस प्रत्याशी संतोष यादव ने जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनता का जो स्नेह और विश्वास उन्हें विपक्ष में रहते हुए भी मिला है, वह उनके लिए अमूल्य है। उन्होंने जनादेश का सम्मान करते हुए कहा कि वे नगर हित में सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़े रहेंगे। जनता की आवाज को बुलंद करना और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना ही उनकी प्राथमिकता होगी। संतोष यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ चुनाव लड़ा। हालांकि परिणाम उनके पक्ष में नहीं आया, लेकिन उन्होंने इसे जनता का आदेश मानते हुए विपक्ष की भूमिका को और मजबूती से निभाने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि कवर्धा नगर के 27 वार्डों में कांग्रेस ने 5 वार्डों में जीत दर्ज की और मुझे 11,180 मत दिए। उन्होंने कहा कि अब उनका दायित्व और भी बड़ा हो गया है। विपक्ष में रहते हुए वे हर उस मुद्दे को उठाएंगे, जो जनता के जीवन को प्रभावित करता है। नगर विकास, नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी विषयों पर वे प्रशासन को जवाबदेह बनाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की आवाज को वे कमजोर नहीं होने देंगे और हर आवश्यक कदम उठाने के लिए तत्पर रहेंगे। संतोष यादव ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता में रहने का माध्यम नहीं बल्कि जनता की सेवा का संकल्प है। विपक्ष में रहकर भी वे नगरवासियों के लिए हर मोर्चे पर खड़े रहेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि कवर्धा की जनता ने जिस उम्मीद से उन्हें यह दायित्व सौंपा है, वे उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। अंत में उन्होंने नगरवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक चुनाव नहीं था, बल्कि एक विश्वास की परीक्षा थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहेंगे और उनके हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे।



### वोटिंग के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान केंद्रों में मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज को मान्य किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र (पेन कार्ड), आधार कार्ड समेत अन्य शामिल है। राज्य निर्वाचन आयोग से तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी-ईआर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जाएगा व पीठासीन अधिकारी से पहचान स्थापित की जाएगी।

### मौसमी फलों की आवक शुरू...



**कवर्धा।** ग्रीष्म ऋतु की दस्तख के साथ की नगर के बाजार में मौसमी फलों की आवक शुरू।

**न्यायालय व प्रशासन की बैठक संपन्न, संबंधितों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश**

# जिले में 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी 8 मार्च 2025 को राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में जिला न्यायालय में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम की अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त न्यायाधीशगण, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में नेशनल लोक अदालत के प्रभावी संचालन और अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विशेष रूप से राजीनामा योग्य प्रकरणों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। न्यायालय ने निर्देश दिए कि लोक अदालत में ऐसे मामलों को अधिक से अधिक संख्या में रखा जाए, जिनका सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो। साथ ही, मुकदमा पूर्व वाद (प्री-लिटिगेशन) मामलों को चिन्हांकित कर उनका भी निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में 19 फरवरी 2025 को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक अन्य बैठक निर्धारित की गई है, जिसमें विद्युत, दूरसंचार, बैंकिंग और अन्य विभागों से जुड़े लंबित मामलों पर चर्चा की जाएगी, ताकि विभागीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इनमें दाण्डिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस (धारा 138) के मामले, बैंक रिकवरी (प्री-लिटिगेशन) प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से जुड़े मुआवजा संबंधी मामले, मेन्टेनेन्स (धारा 125) प्रकरण, परिवार न्यायालय के प्रकरण, श्रमिक विवाद, भूमि एवं संपत्ति विवाद, विद्युत बिल, जलकर, सम्पत्ति कर, टेलीफोन बिल वसूली प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को सम्मिलित किया गया है। लोक अदालत में विवादों का समाधान आपसी सहमति के आधार पर किया जाता है, जिससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है।



# शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में मिट्टी तेल का कोटा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विकासखण्ड पंडरिया के ग्रामीण एवं वनांचल के उपभोक्ताओं को स्थानीय शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान से पर्याप्त अथवा उनके कोटे का मिट्टी तेल नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि बीते कई महिने से ग्रामीण उपभोक्ताओं को इस गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिसके संबंध में कई बार शिकवा शिकायत भी की गई है लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा मिट्टी तेल का कोटा नहीं बढ़ाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में हजारों राशन कार्डधारी उपभोक्ता हैं लेकिन यहां मिट्टी तेल की सप्लाई कुछ लीटर प्रति महिने ही की जा रही है, जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। ऐसी स्थिति में राशन कार्डधारियों को मात्र एक लीटर मिट्टी तेल ही मिल पा रहा है। जबकि कार्डधारियों को महिने में कम से कम 5 लीटर मिट्टी तेल की आवश्यकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि भले ही आज ईंधन के कई संसाधन उपलब्ध है लेकिन ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में आज भी दैनिक निस्तार में और अब लगातार मंहगी हो रही बिजली और रसोई गैस सिलैण्डर के चलते मिट्टी तेल का उपयोग बढ़ गया है। कुल मिलाकर यहां हर घर में मिट्टी तेल का उपयोग किया जाता है लेकिन उन्हें शासकीय राशन दुकान से खपत के मुताबिक मिट्टी तेल नहीं मिल पा रहा है। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मिट्टी तेल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

